रौल नं०....................नाम परीक्षार्थी..........................................

XI-62 वार्षिक परीक्षा A

# लेखाशास्त्र – केवल प्रश्न–पत्र

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 11 पूर्णांक –100

नोटः–(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (ii)प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

**बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है)**

नोटः–निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

1. तलपट में लिखा गया पूर्वदत्त व्यय का लेखा किया जायेगा :–
(अ) व्यापार खाते में (ब) लाभ–हानि खाते में
(स) आर्थिक चिट्ठे में
(द) लाभ–हानि खाते और आर्थिक चिट्ठे में।

2. अंतिम रहतिया का मूल्यांकन किया जाता है :–
(अ) लागत मूल्य पर (ब) बाजार मूल्य पर
(स) लागत मूल्य और बाजार मूल्य में जो कम हो
(द) लागत मूल्य और बाजार मूल्य दोनों में जो अधिक हो।

3. नये यंत्र की स्थापना पर व्यय है :–
(अ) पूँजीगत व्यय (ब) पूँजीगत हानि
(स) आगम व्यय (द) आगम हानि।

4. प्रतिज्ञा पत्र के पक्षकार होते हैं :–
(अ) 2 (ब) 3
(स) 4 (द) 1

5. आयोजन है :–
(अ) अतिरेक (ब) लाभों का नियोजन
(स) लाभ का प्रतिभार (द) इनमें से कोई नहीं।

6. स्थाई सम्पत्ति पर ह्रास व्यापार के लिए है :–
(अ) आय (ब) व्यय
(स) लाभ (द) हानि।

7. तलपट के अन्तर को अन्तरित किया जाता है :–
(अ) पूँजी खाते में (ब) आर्थिक चिट्ठे में
(स) उचन्त खाते में (द) लाभ–हानि खाते में।

8. तलपट में दर्शाये जाते हैं :–
(अ) व्यक्तिगत खाते (ब) वास्तविक खाते
(स) नाम–मात्र खाते (द) ये सभी।

(पृष्ठ पलटिए)

9. क्रय बही भाग है :–

(अ) जर्नल का (ब) खाता बही का

(स) रोकड़ बही का (द) इनमें से कोई नहीं

10. आहरण खाता है :–

(अ) व्यक्तिगत खाता (ब) वास्तविक खाता

(स) अव्यक्तिगत खाता (द) नाम-मात्र का खाता।

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक 2 अंक, उत्तर सीमा 50 शब्द)

11. नाम-मात्र के खाते में डेबिट-क्रेडिट के क्या नियम है?

12. लेखांकन के दो उद्देश्य बताइए।

13. लेखांकन प्रमाणक क्या है?

14. चार सम्पत्तियों और चार दायित्वों के नाम लिखिए।

15. संयुक्त जर्नल लेखा किसे कहते हैं?

16. रोकड़ बही कितने प्रकार की होती है? नाम लिखिए।

17. तलपट तैयार करने के दो उद्देश्य बताइए।

18. क्षतिपूरक अशुद्धि से आप क्या समझते हैं?

19. ह्रास की दो विशेषतायें बताइए।

20. आयोजन की दो विशेषतायें बताइए।

(लघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक 5 अंक– उत्तर सीमा 100 शब्द )

21. व्यापारिक बिल और अनुग्रह बिल में अन्तर बताइए।

22. पाँच ऐसे आगम व्ययों के उदाहरण दीजिए जो कुछ परिस्थितियों में पूँजीगत व्यय माने जाते हैं।

23. प्रत्यक्ष व्यय से आप क्या समझते हैं? इसके चार उदाहरण दीजिए।

24. तलपट से प्रकट होने वाली पाँच अशुद्धियों को लिखिए।

25. लघु रोकड़ बही की अग्रदाय पद्धति को समझाइए।

26. दोहरा लेख प्रणाली की पाँच विशेषताएँ लिखिए।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक 10 अंक – उत्तर सीमा 150 शब्द)

27. एम ने 1 जनवरी, 2024 को एन को रु. 5,000 का माल बेचा। इस राशि के लिये उसने एन पर 3 माह का बिल लिखा जिसे उसने तुरन्त स्वीकार कर लिया। एम ने इस बिल को 4 जनवरी को अपने बैंक से 6% वार्षिक दर से भुना लिया। भुगतान की तिथि पर बिल अनादृत हो गया। एन ने एम से प्रार्थना की कि वह रु. 2,000 नकद लेले और शेष रकम पर 12% वार्षिक ब्याज लगाते हुये तीन माह की अवधि का नया बिल लिख दे। एम ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर नया बिल लिख दिया। देय तिथि पर नये बिल का भुगतान हो गया। एम की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

अथवा

तीन खाने वाली रोकड़ पुस्तक का नमूना बनाइए जिसमें दोनों पक्षों में पाँच-पाँच प्रविष्टियाँ हो।

28. 1 नवम्बर, 2016 को एक फर्म ने रु. 3,50,000 की एक मशीन खरीदी। मशीन पर 10% वार्षिक क्रमागत ह्रास प्रणाली से ह्रास काटा गया। 1 जनवरी, 2021 को मशीन रु. 2,00,000 में बेच दी गई। खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द किये जाते हैं। 5 वर्ष का मशीन खाता बनाइए।

अथवा

पूँजीगत और आयगत व्यय से आप क्या समझते है? इनकी अलग-अलग तीन-तीन विशेषतायें बताइए।

29. एक पुस्तपालक के तलपट में रु. 786 का अन्तर पाया गया उसने इस अन्तर को उचन्त खाते में डेबिट कर दिया। बाद में निम्न त्रुटियाँ ज्ञात हुई :-

(क) रवि से रु. 15,000 का माल खरीदा किन्तु विक्रय पुस्तक में प्रविष्टि की गई।

(ख) अरूण से रु. 20,000 का एक विपत्र मिला किन्तु इसे देय विपत्र पुस्तक में लिख दिया गया।

(ग) पूर्वदत्त किराये के रु. 3,286 आगे लाने से छूट गये।

(घ) क्रय वापसी रु. 2,000 गलती से क्रय पुस्तक में प्रविष्टि की गई।

(ङ) अपनी स्वीकृति के विरूद्ध हरि को किया गया रु. 25,000 का भुगतान, हरि के खाते में डेबिट किया गया।

(च) जानकी से प्राप्त बिलों में से कम्प्यूटर सुपुर्दगी के रु. 45,000 तथा कम्प्यूटर मरम्मत के रु. 2,500 की प्रविष्टि क्रय पुस्तक में 46,000 की गई।

उपरोक्त के सम्बन्ध में संशोधन की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और उचन्त खाता बनाइए।

अथवा

तलपट बनाने की विभिन्न विधियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

30. निम्नलिखित विवरण से 31 दिसम्बर, 2024 को बैंक समाधान विवरण बनाइए:-

(क) 31 दिसम्बर, 2024 को रोकड़ पुस्तक के अनुसार रु. 60,000 का अधिविकर्ष शेष था।

(ख) 31 दिसम्बर, 2024 को बैंक ने रु. 4,500 ब्याज के पास बुक में डेबिट किये लेकिन रोकड़ पुस्तक में लेखा नहीं हुआ।

(ग) इसी अवधि में बैंक ने रु. 300 व्यय के डेबिट किये लेकिन रोकड़ बही में नहीं लिखे गये।

(पृष्ठ पलटिए)

(घ) रु. 3,000 के चैक निर्गमित किये गये जो 31 दिसम्बर, 2024 तक भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किये गये।

(ङ) रु. 5,000 के चैक बैंक में जमा किये किन्तु 31 दिसम्बर, 2024 तक पासबुक में क्रेडिट नहीं किये गये।

(च) बैंक ने रु. 3,600 लाभांश के वसूल करके पासबुक में क्रेडिट किये लेकिन रोकड़ बही में नहीं लिखे गये।

अथवा

प्रकाश की पुस्तकों में 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए निम्नलिखित शेष दिये है। इनसे आप लाभ–हानि खाता और आर्थिक चिट्ठा बनाइए :–

| | रु. | | रु. |
|---|---|---|---|
| अंतिम रहतिया | 7,000 | सकल लाभ | 2,812 |
| विविध व्यय | 796 | 6% ऋण | 1,000 |
| आयकर | 406 | लेनदार | 7,480 |
| किराया दिया | 592 | विनियोगों पर ब्याज | 244 |
| बैंक में रोकड़ | 6,492 | पूँजी | 17,500 |
| देनदार | 3,800 | अशोध्य ऋण आयोजन | 200 |
| सम्पत्तियाँ | 5,350 | छूट प्राप्त | 150 |
| विनियोग | 4,000 | किराया प्राप्त | 250 |
| फर्नीचर | 1,200 | | |
| | 29,636 | | 29,636 |

समायोजनाएँ :–

(क) विनियोगों पर उपार्जित व्याज रु. 50 है। पूर्वदत्त किराया रु. 100 है।

(ख) फर्नीचर पर 10% वार्षिक ह्रास लगाना है।

(ग) देनदारों पर 10% की दर से अशोध्य ऋण आयोजन बनाना है।